# SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office: 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Corporate Office: 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, Gurugram, Haryana-122002
E-mail: legal.secretarial@sainikmining.com website: www.sainikfinance.com Tel: 0124-2719000 Fax: 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449

**Dated: 2nd September, 2023**

To,
The Manager (Listing)
**BSE Limited**
Floor 25, Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400001.

**Sub.: Newspaper Publication of Notice of 31st AGM and Remote e-Voting details etc.**
**Scrip Code: 530265**

**Ref.:-** Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Dear Sir/ Madam,

This is to inform you that in compliance with the provisions of Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations") and in compliance of circulars issued by Security and Exchange Board of India (SEBI) and Ministry of Corporate Affairs (MCA), please find attached herewith copies of newspaper advertisement published in the Financial Express (English) and Haribhoomi (Hindi) newspapers on 02nd September, 2023, intimating the Equity Shareholders of the Company, that the 31st Annual General Meeting of Sainik Finance & Industries Limited ("the Company") will be held on Saturday, 30th September, 2023 through Video Conference/Other Audio Visual Means.

The Notice of the 31st Annual General Meeting along with the Annual Report for the Financial Year 2022-23 of the Company shall be sent through electronic mode only, to the Shareholders whose e-mail addresses are registered with the Company/Registrars and Transfer Agent ('RTA') /Depositories. Accordingly, the Shareholders who have not registered their e-mail address are requested to follow the process as mentioned in the newspaper clipping and register their email addresses with the Company/RTA/Depositories.

We request you to please take the same on record.

Thanking You,

For **Sainik Finance & Industries Limited**

PIYUSH GARG
Digitally signed by PIYUSH GARG
Date: 2023.09.02 14:48:27 +05'30'

**Piyush Garg**
Company Secretary&
Compliance officer

# 85.71 मीटर भाला फेंककर वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा डायमंड लीग की भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके लेकिन आखिरी दौर में 85.71 मीटर का थ्रो फेंककर दूसरे स्थान पर रहे। ओलंपिक चैंपियन 25 वर्ष के चोपड़ा ने 80.79 मीटर, 85.22 मीटर और 85.71 मीटर के तीन वैध थ्रो फेंके जबकि बाकी तीन थ्रो फाउल रहे। वह चेक गणराज्य के याकूब वालेश (85.86 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियनशिप में याकूब ने कांस्य पदक जीता था।

चोपड़ा ने तीन स्पर्धाओं में 23 अंक लेकर डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पुरुषों की ऊंची कूद में मुरली श्रीशंकर पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने 7.99 मीटर की कूद लगाई। उन्होंने भी 14 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

### फिट पर थका हुआ था

चोपड़ा ने गुरुवार को देर रात प्रतिस्पर्धा के बाद कहा कि वह पूरी तरह से फिट थे लेकिन बुडापेस्ट में हुई विश्व चैंपियनशिप के बाद थके हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं अब बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं क्योंकि विश्व चैंपियनशिप के बाद हर कोई थका हुआ था। हमने वहां अपना शत प्रतिशत दिया। इस स्पर्धा में मेरा फोकस स्वस्थ बने रहने पर था क्योंकि अब हमें यूजीन (डायमंड लीग फाइनल 17 सितंबर को) और हांगझोउ (एशियाई खेल 23 सितंबर से) पर फोकस करना है।'



ज्यूरिख डायमंड लीग

### फाइनल के लिए क्वालीफाई

चोपड़ा ने तीन स्पर्धाओं में 23 अंक लेकर डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने पिछले साल डायमंड लीग जीती थी। याकूब (29 अंक) और जूलियन वेबर (25 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर रहकर उन्होंने क्वालीफाई किया। वह तीसरे स्थान पर इसलिए रहे क्योंकि चोट के कारण डायमंड लीग के मोनाको चरण में नहीं खेले थे जिसमें याकूब और वेबर ने भाग लिया था। चोपड़ा ने दोहा (पांच मई) और लुसाने (30 जून) चरण में जीत दर्ज की थी। इसके बाद बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में 88.17 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण जीता।

## शरीर की सुनी और नहीं किया कठिन थ्रो

टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने कहा कि आगामी प्रतिस्पर्धाओं के लिए पूरी तरह फिट रहने की कवायद में उन्होंने ज्यूरिख में ज्यादा कठिन प्रयास नहीं किए। प्रतिस्पर्धा से पहले उन्होंने कहा कि विश्व चैंपियनशिप के बाद उनके कंधे और कमर में दर्द है। उन्होंने कहा कि मई जून में अभ्यास के दौरान ग्रोइन में लगी चोट के बाद वह शत प्रतिशत फिट नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा फोकस स्वस्थ बने रहने पर है और आगामी स्पर्धाओं में अपना शत प्रतिशत भी देना है। कई बार शरीर की सुननी होती है। मैने इसलिए ज्यादा पुश नहीं किया।' उन्होंने कहा, 'कई बार पहला लक्ष्य फिट रहना होता है। मैने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लेकिन फोकस स्वास्थ्य पर ही था। मैं आम तौर पर सर्दियों में यूरोप में अभ्यास करता हूं क्योंकि यात्रा करना आसान होता है। यही वजह है कि इंग्लैंड में कुछ महीने बिताए जिसके बाद बुडापेस्ट में गर्मी में खेला।'



### डायमंड लीग की इनामी राशि

डायमंड लीग फाइनल में अब तक के अंक मायने नहीं रखेंगे और उसमें जीतने वाला ही विजेता होगा । डायमंड लीग के चार व्यक्तिगत चरण होते हैं जिनकी अलग अलग ईनामी राशि होती है। चोपड़ा को ज्यूरिख में 6000 डॉलर मिले जबकि विजेता को 12000 डॉलर मिले। शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। यूजीन फाइनल जीतने वाले को 30000 डॉलर मिलेंगे जबकि उपविजेता को 12000 और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 7000 डॉलर दिए जाएंगे।

## क्रिकेट : बल्लेबाज वर्सेस गेंदबाज मुकाबले में होगी रनों की बारिश

# एशिया कप का 'महामुकाबला' आज भारत-पाकिस्तान मैच में मचेगा गदर

एजेंसी ▶▶| पालेकल

भारत और पाकिस्तान की टीमें शनिवार को एशिया कप में आमने सामने होंगी तो यह विश्व कप के ड्रेस रिहर्सल की तरह रहेगा। इसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज बल्लेबाजों का सामना हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई में पाकिस्तान के धुरंधर तेज आक्रमण से होगा। एशिया कप 50 ओवरों के प्रारूप में हो रहा है जो अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप में भाग ले रही टीमों की तैयारी के लिए अहम होगा। आयोजकों और क्रिकेटप्रेमियों के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला सब मुकाबलों से बढ़कर रहता आया है। भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को आज भी पिछले साल टी20 विश्व कप में मेलबर्न में रऊफ की गेंद पर कोहली का शानदार शॉट याद होगा। वहीं पाकिस्तानी प्रशंसक भी भूले नहीं होंगे जब शाहीन की तेज रफ्तार गेंदों का सामना करने में नाकाम रहे रोहित पगबाधा आउट हो गए थे। इस तरह के प्रदर्शन ही खिलाड़ियों को लीजेंड बनाते हैं और एशिया कप में दोनों टीमों के सितारों के पास अपने अपने देश में लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचने का एक और मौका होगा।




### पाकिस्तानी टीम अनुभवहीन

पाकिस्तान टीम में कोई फिटनेस समस्या नहीं है लेकिन वनडे में खिलाड़ियों में पास अनुभव नहीं है। विश्व कप 2019 के बाद से पाकिस्तान ने सिर्फ 29 वनडे खेले जबकि भारत ने 57 मैच खेले हैं। पाकिस्तान ने 29 में से 12 मैच इसी साल खेले। उसके शीर्ष तीन बल्लेबाज बाबर आजम (689 रन), फखर जमां (593 रन) और इमामुल हक (361 रन) ने लगातार रन बनाए हैं। उसामा मीर, सऊद शकील और आगा सलमान हालांकि लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं। सातवें नंबर के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद और आठवें नंबर पर उतरने वाले शादाब खान पर अक्सर रनगति बढ़ाने की जिम्मेदारी आती रही है। मध्यक्रम को लेकर भारत और पाकिस्तान की स्थिति कमोबेश समान है।

### भारत-पाक के गेंदबाज बरपा रहे कहर

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है । दोनों ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में काफी गेंदबाजी की लेकिन देखना होगा कि 50 ओवरों के प्रारूप में वह कैसा खेलते हैं। ऐसे में मोहम्मद शमी को तरजीह दी जा सकती है। पाकिस्तान के शाहीन, नसीम और रऊफ मिलकर इस साल 49 विकेट ले चुके हैं। ऐसे में उछालभरी पालेकल की पिच पर भारतीय बल्लेबाजों की असल परीक्षा होगी। स्पिन में रविंद्र जडेजा का चयन तय है जो सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल में से भारत को सोच समझकर चुनना होगा। कुलदीप ने इस साल 11 वनडे में 22 विकेट लिए हैं जबकि अक्षर ने छह मैचों में तीन ही विकेट चटकाए हैं।

### बारिश से फैंस बेचैन

मौसम विभाग ने शनिवार को बारिश का पूर्वानुमान जताया है जिससे दोनों टीमों के प्रशंसकों की उम्मीदों पर पानी फिरने की भी आशंका है। भारतीय खेमा दुआ कर रहा होगा कि विराट, रोहित और शुभमन गिल की तिकड़ी रऊफ, शाहीन और नसीम शाह का डटकर सामना कर सके। मौसम को देखते हुए पावरप्ले में पाकिस्तानी तिकड़ी खतरनाक साबित हो सकती है।



### मध्यक्रम बना चिंताक्रम

दोनों टीमों के मध्यक्रम को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति है। पहले दो मैचों से बाहर हुए केएल राहुल की गैर मौजूदगी ने भारत की परेशानियां बढ़ा दी है। ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को मध्यक्रम में उतारा जा सकता है लेकिन चौथे और पांचवें नंबर को लेकर अभी कुछ तय नहीं है। किशन ने कभी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है और मध्यक्रम में उसका औसत 22.75 ही है।

## हॉकी : दे दना दन 35 गोल

# भारत ने जापान को मसला



एजेंसी ▶▶| सलाला

एक के बाद एक गोल, कुल मिलाकर 36 गोल... वो भी एक ही हॉकी के मुकाबले में, इनमें अकेले 35 तो टीम इंडिया की ओर से हुए। मनदीप मोर की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी-5 एस वर्ल्ड कप क्वालीफायर के अपने अंतिम लीग मैच में गोलों की गोल की बारिश कर दी। टीम इंडिया ने शानदार हॉकी का खेल दिखाया और जापान को 35-1 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय टीम के सामने जापानी टीम असहाय नजर आई। टीम इंडिया ने पहले पांच मिनट के अंदर ही सात गोल कर दिए थे और इसके बाद भी जापानी टीम पर किसी तरह का रहम नहीं दिखाया। भारत की तरफ से मनिंदर सिंह ने 10 गोल दागे। उनके अलावा मोहम्मद राहिल ने सात, पवन राजभर और गुरजोत सिंह ने पांच-पांच, सुखविंदर ने चार, कप्तान मनदीप मोर ने तीन और जुगराज सिंह ने एक गोल किया। जापान की तरफ से एकमात्र गोल मसाताका कोबोरी ने किया।

### शिलांग लाजोंग ने गोंजाल्वेस को जोड़ा

शिलांग। शिलांग लाजोंग एफसी ने आई-लीग के आगामी सत्र (2023-24) के लिए ब्राजील के 27 वर्षीय फुटबॉलर डेनियल गोंजाल्वेस के साथ शुक्रवार को यहां अनुबंध करने की घोषणा की। इस क्लब ने चार साल के अंतराल के बाद आई-लीग में वापसी की है। क्लब के मैनेजर हाबा लिंगदोह ने कहा, 'क्लब ने 27 वर्षीय डेनियल गोंजाल्वेस के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है।

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
**Regd. Office:** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
**Corporate Office:** 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-48, Gurugram, Haryana-122002
**E-mail:** legal.secretarial@sainikmining.com **Website:** www.sainikfinance.com
**Tel:** 0124-2719000 **Fax:** 0124-2719100 **CIN:** L26912DL1991PLC045449

**NOTICE OF 31st ANNUAL GENERAL MEETING OF THE COMPANY TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING ("VC") / OTHER AUDIO VISUAL MEANS ("OAVM") FACILITY, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE ETC.**

Notice is hereby given that:

1. The 31st Annual General Meeting (AGM") of the Sainik Finance & Industries Limited (" the Company") will be held on Saturday, 30th September, 2023 at 11:15 a.m. through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") facility to transact the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with MCA General Circulars and SEBI Circulars issued by them in this regard, without the physical presence of the Members at a common venue. The Members can join and participate in the AGM through VC/OAVM facility only.
2. The Notice of the AGM, Annual Report for the financial year 2022-2023 will be sent by e-mail to all those Members whose e-mail addresses are registered with the Companyor with their respective Depository Participants **("Depository")** and the Company's Registrar & Transfer Agent i.e. "Indus Portfolio Private Limited (IPPL)", in accordance with MCA Circulars and SEBI Circulars. The requirements of sending physical copy of the Notice of the AGM and Annual Report to the Members have been dispensed with vide MCA Circulars and SEBI Circulars. The members whose e-mail address have not yet been registered/ updated with the Company/ RTA/ DPs and who wish to receive the Notice of 31st AGM and Annual Report for the financial year ended 31st March, 2023, may register/ updated their email address by following below mentioned instructions:
**Physical Holding :** Register their e-mail address by sending, scanned copy of signed request letter to the Registrar & Transfer Agents of the Company, IPPL at rs.kushwah@indusinvest.com mentioning Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self- attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self- attested scanned copy of Aadhar Card) for registering e-mail address, and scanned copy of the cancelled cheque bearing the name of the first shareholder shall be provided to update the Bank Account details of the Shareholders.
**Demat Holding:** Members holding their shares in demat mode may update the email address through their respective Depository Participants.
3. The instructions for joining the AGM and manner of participation in the remote electronic voting or casting vote through the e-voting system during the AGM are provided in the Notice of AGM. Members participating through VC/OAVM shall be counted for purpose of reckoning the quorum under section 103 of the Companies Act, 2013.
4. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e. Saturday, 23rdSeptember, 2023 may cast their vote electronically on the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM through electronic voting system ("remote e-Voting") of National Securities Depository Limited ("NSDL").
5. All members arealso informed that:
a) the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM, will be transacted through voting by electronic means;
b) the remote e-Voting shall commence onTuesday, 26th September, 2023 at 9:00 a.m. IST;
c) the remote e-Voting shall end on Friday, 29th September, 2023 at 5:00 p.m. IST;
d) the cut-off date, for determining the eligibility to vote through remote e-Voting or through the e-Voting system during the AGM, is Saturday, 23rd September, 2023;
e) any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of the AGM by email and holding shares as on the Cut-off date i.e. Saturday, 23rd September, 2023, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting then he/she can use his/her existing User ID and password for casting the vote;
f) Members may also note that:
i) the remote e-Voting module shall be disabled by NSDL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently;
ii) the Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the AGM may participate in the AGM through VC/OAVM Facility but shall not be entitled to cast their vote again through the e-Voting system during the AGM;
iii) the Members participating in the AGM and who had not cast their vote by remote e-Voting, shall be entitled to cast their vote through e-Voting system during the AGM; and
iv) a person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date i.e. Saturday, 23rd September, 2023, only shall be entitled to avail the facility of remote e-Voting, participating in the AGM through VC/OAVM facility and e-Voting during the AGM.
g) In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-Voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on 022-4886 7000 or 022-2499 7000 or send a request at evoting@nsdl.co.in or contact Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager, National Securities Depository Ltd., Trade World, "A" Wing, 4th Floor, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai-400013. Members may also write to the Company Secretary at the Company's e-mail address legal.secretarial@sainikmining.com.
6. The Register of Members and the Share Transfer books of the Company will remain closed from Saturday, 23rd September, 2023 to Saturday, 30th September, 2023 (both days inclusive) for its annual closing for the purpose of Annual General Meeting of the Company.

**For Sainik Finance & Industries Limited**
**Sd/-**
**Rudra Sen Sindhu**
**Director**
**Place: Gurugram**
**Date: 01st September, 2023**

## मिडलसेक्स के लिए चार काउंटी मैच खेलेंगे जयंत

*लंदन। भारतीय स्पिनर जयंत यादव ने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप मिडलसेक्स से सत्र के आखिरी चार मैच खेलने के लिए शुक्रवार को अनुबंध किया। क्लब ने यहां जारी बयान में कहा कि जयंत इस सप्ताह के अंत में एसेक्स के खिलाफ मिडलसेक्स के आगामी मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगे। इस बयान के मुताबिक, 'दिल्ली में जन्मे दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर इस सप्ताह के अंत में मिडलसेक्स में शामिल होंगे। वह टीम के लिए चार मैच खेलेंगे जिसमें अगले सप्ताह चेम्सफोर्ड में एसेक्स के खिलाफ मुकाबला उनका पहला मैच होगा। वह इसके बाद लाल गेंद के तीन अन्य मैचों के लिए उपलब्ध होंगे।' भारत के लिए छह टेस्ट और दो एकदिवसीय खेल चुके 33 साल के वर्षीय यादव के लिए काउंटी में यह लगातार दूसरा काउंटी सत्र होगा। उन्होंने पिछले साल वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान उन्होंने ग्लॉस्टरशर के खिलाफ दो पारियों में पांच विकेट और चार विकेट चटकाए थे।*

## गुकेश नंबर-1, आनंद की 37 साल की बादशाहत खत्म

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश तीन दशक से अधिक समय के बाद महान विश्वनाथन आनंद की जगह भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। आनंद जुलाई 1986 से भारत के नंबर एक रहे हैं। चेन्नई का 17 वर्षीय यह ग्रैंडमास्टर बाकू में फिडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गया था। वह रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में आठवें नंबर पर पहुंच गए। गुकेश पहली



बार रेटिंग सूची के शीर्ष 10 में शामिल हुए। फिडे की एक सितंबर की रैंकिंग के मुताबिक गुकेश के नाम 2758 रेटिंग अंक है जबकि आनंद 2754 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर है। गुकेश ने एक अगस्त की रैंकिंग सूची के मुताबिक तीन स्थान का सुधार किया है। विश्व कप के फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करने वाले एक अन्य युवा भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा 2727 रेटिंग अंक के साथ इस सूची में 19वें स्थान पर पहुंच गए है। वह गुकेश और आनंद के बाद भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

## खेलमंत्री ने किया प्रज्ञानानंदा का अभिनंदन

नई दिल्ली। विश्व कप रजत पदक विजेता ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यकीन है कि भारतीय टीम हांगझोउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी। भारत के नए शतरंज सुपरस्टार प्रज्ञानानंदा का शुक्रवार को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने निवास पर अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रज्ञानानंदा ने कहा कि भारतीय टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सकती है। वह 23 सितंबर से शुरू हो रहे एशियाई खेलों में भाग ले रही भारत की दस सदस्यीय टीम के सदस्य है।



**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | मौजूदा वाशिंग लाइन नंबर के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। दिल्ली मुख्य स्टेशन पर 18, 19, 20 और 21। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,17,47,092.68/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,08,700/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 08.09.2023 (10.30 बजे) से 22.09.2023 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 22.09.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (20427103) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 24A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 31.08.2023 2712/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (सोनीपत)-131039**
(राज्य विधायिका अधिनियम 29 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित और यू.जी.सी. एक्ट, 1956 की धारा 2 (एफ) और 12 (बी) के तहत अनुमोदित, एनएएसी द्वारा प्रमाणित)

**विज्ञा. सं. 16/2023**
**प्रवेश सूचना (2023-24)**
**रिक्त / छोड़ी गई सीटों के लिए संस्थान स्तरीय काउंसलिंग**

आरओएम समेत बी.टेक. और बी.टेक. (एलईईटी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए रिक्त / छोड़ी गई सीटों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से (एचएसटीईएस विवरणिका 2023-24 के अनुरूप पात्रता) निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन (लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध) आमंत्रित किए जाते हैं :

| | बी.टेक. | बी.टेक. (एलईईटी) |
|---|---|---|
| ऑनलाइन पोर्टल का खुलना | 01.09.2023 से 06.09.2023 (अर्धरात्रि 12:00 बजे तक) | 01.09.2023 से 08.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| मैरिट लिस्ट का प्रदर्शन | 07.09.2023 (अप. 3.00 बजे) | 08.09.2023 (अप. 3.00 बजे) |
| प्रथम संस्थान स्तरीय फिजिकल काउंसलिंग | 08.09.2023 जेईई-मेन्स रैंक (1 से 125000)<br>09.09.2023 जेईई-मेन्स रैंक के सभी आवेदक | 09.09.2023 सभी आवेदक |
| द्वितीय संस्थान स्तरीय फिजिकल काउंसलिंग | 11.09.2023 जेईई-मेन्स रैंक के सभी आवेदक | 11.09.2023 सभी आवेदक |
| ऑनलाइन पोर्टल का खुलना | 12.09.2023 से 13.09.2023 (अर्धरात्रि 12:00 बजे तक) | |
| मैरिट लिस्ट का प्रदर्शन | 14.09.2023 (अप. 3.00 बजे) | |
| तृतीय संस्थान स्तरीय फिजिकल काउंसलिंग | 15.09.2023 : सभी आवेदक (जेईई मेन रैंक सहित अथवा बिना) | 15.09.2023 सभी आवेदक |

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत विज्ञापन (और आरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी) और डेबिट / क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग / यूपीआई का उपयोग करते हुये पंजीकरण शुल्क जमा करवाने हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **https://dcrustadmission.org** अथवा **https://dcrustadmission.org/ROM/** पर पधारें।
पीआरडीएच-1240/11/31/2024/20732/88/7 दि. 01.09.23 रजिस्ट्रार

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**लोन**

☞ JINDAL GLOBAL FINANCE COMPANY, काम हमारा विश्वास आपका सरकारी योजना (10+2), मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, मकान, 3 LAKH- SE 50, LAKH लोन। महिलाओं विद्यार्थियों विशेष छूट ऑनलाइन सुविधा घर बैठे पाये। 2 %ब्याज, 30 % सब्सिडी। (10 मार्कशीट 24 घंटे 3 लाख का लोन) सिविल खराब लोन पाएं 93034 94947, (धोखेबाजों से सावधान) (93503 86748 call me)

## प्रणवी, स्नेहा, शर्मिला दूसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| रेंचो मिराज

प्रणवी उर्स और स्नेहा सिंह समेत चार भारतीयों ने तीन अलग अलग कोर्स पर खेलते हुए एलपीजीए क्वालीफाइंग स्कूल गोल्फ के दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया। हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही प्रणवी और स्नेहा संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। वहीं शर्मिला निकोलेट संयुक्त 89वें स्थान पर हैं। शीर्ष 95 खिलाड़ियों को अगले दौर में प्रवेश मिलता है। इन सभी को एप्सन टूर 2024 में भी जगह मिलेगी जो एलपीजीए का क्वालीफाइंग टूर है। निष्ठा मदान को पहले ही इसमें जगह मिल चुकी है।